प्रादेशिक समाचार
दिनांक–24.11.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ साझा करेंगे अपने विचार।
- इंडिया ब्लॉक के नवनिर्वाचित विधायकों की आज हो रही है बैठक, हेमंत सोरेन को विधायक दल का नेता चुना जाना तय।
- 81 सदस्यों वाली झारखंड विधानसभा में छप्पन सीटें जीत कर इंडिया गठबंधन को मिला दो तिहाई बहुमत, एनडीए को चौबीस सीटों पर करना पड़ा संतोष।
- झारखंड लोकतांि़क क्रांतिकारी मोर्चा के जयराम महतो ने डुमरी विधानसभा क्षेत्र से दर्ज की जीत।
- राजधानी रांची समेत राज्यभर में बढ़ी ठंड, गढ़वा का न्यूनतम तापमान 10 दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस पहुंचा, आज से अगले पांच दिनों तक छाये रहेंगे बादल।

****************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 116वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और news on air मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, डी.डी. न्यूज, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगा। हिंदी में प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी इस कार्यक्रम को प्रसारित किया जाएगा

****************

झारखंड में इंडिया ब्लॉक के नवनिर्वाचित विधायक आज अपना नेता चुनने के लिए रांची में बैठक कर रहे हैं। यह बैठक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आधिकारिक आवास पर होगी।

****************

कांग्रेस विधायक दल की भी आज बैठक होगी। कांग्रेस के राज्य प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने बताया कि इस बैठक में नवनिर्वाचित विधायक मौजूद रहेंगे।

****************

झारखंड विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन ने 56 सीटों पर जीत दर्ज कर पूर्ण बहुमत हासिल कर लिया है। झामुमो ने 34 जबकि कांग्रेस ने 16, आरजेडी ने चार और भाकपा माले ने दो सीट पर जीत दर्ज की है। वहीं एनडीए को 24 सीटों पर जीत मिली है जिनमें भाजपा को 21 तथा आजसू, लोजपा और जदयू ने एक–एक सीट पर जीत दर्ज की है। बिना किसी गठबंधन में शामिल हुए चुनाव लड़ रहे झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के जयराम महतो ने डुमरी विधानसभा सीट से जीत दर्ज की है।

****************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इंडिया गठबंधन को बहुमत मिलने पर लोगों का आभार जताते हुए कहा कि जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

श्रीसोरेन ने कहा कि झारखंड पर लगे पिछड़ेपन के कलंक को मिटाना है और समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।

****************

इस बीच भाजपा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष रवीन्द्र कुमार राय ने एनडीए की हार स्वीकार करते हुए इंडिया गठबंधन को जीत की बधाई दी है।

****************

जिला मुख्यालय सरायकेला को जमशेदपुर से जोड़ने वाली मुख्य सड़क की चौड़ीकारण के साथ–साथ डिवाइडर की मांग लंबे समय की जा रही है।

****************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में ठंड बढ़ने लगी है। राज्यभर में सबसे कम गढ़वा का न्यूनतम तापमान 10 दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया जबकि रांची का न्यूनतम तापमान 11 दमशमल आठ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। रांची स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अगले पांच दिनों तक सुबह के वक्त कोहरा और दोपहर के वक्त बादल छाये रहेंगे।

****************

राजधानी रांची के जेएससीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में चल रही सीनीयर विमेंस टी–20 मैच में इंडिया सी ने इंडिया ई को छह विकेट से हरा दिया। वहीं दूसरे मैच में इंडिया बी ने इंडिया डी को 73 रनों से हरा दिया है।

****************

अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने विधानसभा चुनाव परिणाम की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने लिखा है–कल्पना हुई साकार, लगातार दूसरी बार हेमंत सरकार।

हिंदुस्तान के शब्द हैं– हेमंत ने भाजपा का विजय रथ रोका।

दैनिक भास्कर लिखता है–मंईयां का राज, सोरेन सरताज

दैनिक जागरण की सुर्खी है–फिर एक बार हेमंत सरकार

अंग्रेजी अखबार द टाइम्स ऑफ इंडिया और हिंदुस्तान टाइम्स ने भी चुनाव परिणाम की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता दी है।

*************